Google Classroom




# अभिभावकों को Google Classroom के बारे में जानकारी देने वाली गाइड:

## Google Classroom, एक ही जगह पर सीखने-सिखाने की सुविधा देता है

Classroom में आपका स्वागत है. यहां छात्र-छात्राएं और शिक्षक अपनी ज़रूरतों के मुताबिक, सुरक्षित तरीके से सीख सकते हैं. Classroom ऐसा प्लैटफ़ॉर्म है जो एक ही जगह पर असाइनमेंट शेयर करने, साथ मिलकर काम करने, और बिना किसी रुकावट के बातचीत करने की सुविधा देता है.

Google Workspace for Education, सीखने-सिखाने में मदद करने वाले टूल का एक सुइट है. इसमें Classroom भी शामिल है. इस सुइट के टूल से शिक्षकों को आसानी से होमवर्क देने, हर छात्र-छात्रा को अलग से फ़ीडबैक देने, और उनसे नियमित तौर पर बातचीत करने में मदद मिलती है. साथ ही, आसानी से छात्र-छात्राओं की सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का मौका मिलता है.




## माता-पिता और अभिभावकों को बच्चे की परफ़ॉर्मेंस की जानकारी देने का हमारा तरीका

शिक्षक या स्कूल का एडमिन, माता-पिता और अभिभावकों को, उनके बच्चे के काम, परफ़ॉर्मेंस वगैरह की जानकारी ईमेल से पाने का न्योता भेज सकता है. ईमेल में बच्चे के क्लासवर्क और क्लास में की गई गतिविधियों की जानकारी दी जाती है. ईमेल से बच्चे की परफ़ॉर्मेंस की खास जानकारी पाने की सुविधा के बारे में ज़्यादा जानने के लिए, कृपया अपने बच्चे के स्कूल में बात करें.

## Classroom, छात्र-छात्राओं की मदद कैसे करता है

### अपने हिसाब से पढ़ाई करना

शिक्षक पूरी क्लास के लिए असाइनमेंट बना सकते हैं और उनमें हर छात्र-छात्रा की सीखने की ज़रूरतों के मुताबिक बदलाव कर सकते हैं. कुछ शिक्षक, छात्र-छात्राओं की मदद करने के लिए एआई टूल इस्तेमाल करते हैं. जब छात्र-छात्राओं को किसी काम में समस्या आती है, तब उन्हें ज़रूरत के हिसाब से इन टूल की मदद से सुझाव मिलते हैं. साथ ही, रीयल-टाइम में अपने-आप फ़ीडबैक मिलने की सुविधा से छात्र-छात्राओं में, तर्क के साथ सोचने और समस्या हल करने की स्किल डेवलप होती हैं.

### ज़रूरी सूचनाएं पाना

छात्र-छात्राओं को ईमेल सूचनाओं और क्लास स्ट्रीम में शिक्षक की पोस्ट से, क्लास प्रोजेक्ट वगैरह की जानकारी मिल सकती है. क्लास स्ट्रीम के पेज को ऐक्सेस करने के लिए, वेब ब्राउज़र पर Classroom में या iOS और Android पर Classroom के ऐप्लिकेशन में साइन इन करना होता है.

### एक ही जगह पर सारा क्लासवर्क ऐक्सेस करना

Classroom में छात्र-छात्राएं, शिक्षकों का शेयर किया गया सारा कॉन्टेंट एक ही जगह पर ऐक्सेस कर सकते हैं. जैसे, सीखने के लिए संसाधन, पढ़ने के लिए कॉन्टेंट, वीडियो, लिंक, और हैंडआउट.

### शिक्षकों के साथ आसानी से बातचीत करना

छात्र-छात्राएं अपने शिक्षक और अन्य छात्र-छात्राओं को आसानी से मैसेज कर सकते हैं. मैसेज में वे असाइनमेंट और सूचनाओं के बारे में सवाल पूछ सकते हैं और उनकी राय जान सकते हैं.

### व्यवस्थित तरीके से काम करके टाइम का मैनेजमेंट

Classroom में, 'क्या-क्या करना है' से जुड़ी इंटरैक्टिव सूचियां बनाने और कैलेंडर में काम पूरे होने की तारीखें जोड़ने की सुविधाएं पहले से मौजूद हैं. इनसे छात्र-छात्राओं को अपनी
प्रो
ग्ेस को ट्रैक करने में मदद मिलती है. साथ ही, ऐसी स्किल डेवलप करने में मदद मिलती है जो उन्हें आज और आने वाले समय के लिए तैयार करेंगी.

### ग्रेडिंग की पारदर्शी प्रक्रिया और फ़ीडबैक देना

Classroom में, छात्र-छात्राएं तुरंत अपना सारा काम देख सकते हैं. जैसे, आगे के असाइनमेंट, वह काम जिसे ग्रेड दिया गया है, और देर से या पूरा नहीं किया गया काम. छात्र-छात्राएं, कुछ असाइनमेंट सबमिट करने के बाद तुरंत उनके ग्रेड देख सकते हैं.

# Google Classroom, छात्र-छात्राओं की मदद कैसे करता है

### सुलभता और बिना किसी भेदभाव के सभी को शामिल करना


Classroom हर तरह के छात्र-छात्राओं को सीखने में मदद करता है. साथ ही, उन तरीकों से सीखने में मदद करता है जो उनके लिए सबसे सही हैं. Classroom को 50 से ज़्यादा भाषाओं में स्क्रीन रीडर और कीबोर्ड से ऐक्सेस किया जा सकता है. यह हाई-कंट्रास्ट मोड और अन्य सुविधाओं के साथ भी काम करता है.

### आने वाले समय के लिए तैयार करने वाली स्किल

Google Workspace for Education प्लान में मौजूद Classroom जैसे टूल, सॉफ़्ट स्किल सीखने में छात्र-छात्राओं की मदद करते हैं. सॉफ़्ट स्किल उन्हें कॉलेज और नौकरियों के लिए तैयार करती हैं. इन स्किल में ये शामिल हैं: Docs, Sheets, और Slides में टीम के असाइनमेंट पर अन्य छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर काम करना.

### बिना किसी रुकावट के सीखना

Classroom की मदद से छात्र-छात्राएं आसानी से अपना काम मोबाइल या डेस्कटॉप पर कर सकते हैं. Android डिवाइस पर Classroom का इस्तेमाल करके, छात्र-छात्राएं ऑफ़लाइन मोड में भी काम कर सकते हैं. छात्र-छात्राएं iPhone, iPad, Android या कंप्यूटर पर नॉन-डिजिटल असाइनमेंट की इमेज कैप्चर करके, उन्हें डिजिटल फ़ॉर्मैट में सबमिट कर सकते हैं.



## छात्र-छात्राओं के डेटा को निजी और सुरक्षित कैसे रखा जाता है?

Google ऐसे प्रॉडक्ट बनाता है जिनका इस्तेमाल करने पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की निजता को कोई खतरा नहीं होता है. साथ ही, स्कूलों को बेहतर सुरक्षा सुविधाएं मिलती हैं. Classroom एक निजी और बिना विज्ञापन वाला डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म है. यह सीखने के लिए, सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराता है. यह शिक्षा से जुड़े स्थानीय, राष्ट्रीय, और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कड़े मानकों का पालन करता है. जैसे, एफ़ईआरपीए,[1] कोपा,[2] और जीडीपीआर.[3]

Google for Education, उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और निजता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसके बारे में ज़्यादा जानने के लिए, हमारे निजता और सुरक्षा केंद्र, पर जाएं और Google Workspace for Education का निजता नोटिस पढ़ें.

[1] पारिवारिक शिक्षा अधिकार और निजता अधिनियम
[2] चिल्ड्रंस ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन ऐक्ट 1998
[3] जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन

**हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दुनिया भर में 15 करोड़ से ज़्यादा छात्र-छात्राएं, एजुकेटर, और एजुकेशन लीडर Google Classroom का इस्तेमाल करते हैं.**



## अपने बच्चे से Classroom के बारे में ये सवाल पूछें

- क्या आप Classroom का इस्तेमाल करते/करती हैं? अगर हां, तो कैसे?
- आप स्कूल में किस प्रोजेक्ट पर Classroom की मदद से काम कर रहे/रही हैं?
- क्या आपने हाल ही में किसी ग्रुप प्रोजेक्ट पर काम किया है? आप अपने ग्रुप के सदस्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए कौनसे टूल इस्तेमाल कर रहे/रही हैं?

हमारे Be Internet Awesome पाठ्यक्रम की मदद से, इंटरनेट पर खुद को सुरक्षित रखने और डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म का इस्तेमाल ज़िम्मेदारी से करने के बारे में बात करना शुरू करें.

© 2023 Google LLC 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.

**क्या आपको निजता और सुरक्षा के बारे में कुछ और पूछना है? अभिभावकों को सुरक्षा और निजता के बारे में जानकारी देने वाली गाइड पढ़ें.**